# महादेव बेन्द्रा तालाब
## प्रमाण - पत्र

सीहोर जिले के भैरुंदा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम महादेव बेन्द्रा के समीप स्थानीय नाले पर महादेव बेन्द्रा तालाब निर्माण प्रस्तावित है, इसकी लागत रुपये 2382.38 लाख एंव प्रस्तावित सिंचाई 685 हेक्टेयर है।

बांध का जलग्रहण क्षेत्र 12.36 वर्ग कि0मी0 एंव कुल जल भराव क्षमता 4.35 मि0घ0मी0 उपयोगी जल क्षमता 3.85 मि0घ0मी0 है। बॉंध की कुल लम्बाई 550 मीटर एंव अधिकतम ऊॅंचाई 23.00 मीटर है। बॉंध के डूब क्षेत्र में कुल 44.314 हेक्टेयर भूमि प्रभावित होगी, जिसमें से 37.031 हेक्टेयर वनभूमि, 7.283 हेक्टेयर निजी भूमि है।

योजना का निर्माण माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के पालन में विस्तृत सर्वेक्षण पश्चात् तकनीकी मापदण्ड से उपयुक्त स्थल पर ही निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इससे भैरुंदा विकासखण्ड के 4 ग्राम क्रमशः अमीरगंज, लावापानी, सेमलपानी एंव चतरकोटा की 685 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे सिंचाई से पिछड़े क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से फसल उत्पादन में वृद्धि होगी एंव लगभग 447 कृषक लाभान्वित होंगे।

(दीपक चौकसे)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग, सीहोर

# महादेव बेन्द्रा तालाब

## जिला - सीहोर

<u>न्यूनतम वन क्षेत्र प्रभावित होने के संबंध में तुलनात्मक दृष्टि से तीन एलाईमेन्ट को नक्शे पर दर्शाते हुये तुलनात्मक टीप :-</u>

| स. क्र. | एलाईमेंट क्रमॉक | प्रभावित वन क्षेत्र (हेक्टेयर में) | परियोजना की लागत (लाख रूपये में) | जल भराव क्षमता (मि0घ0मी) | सिंचित क्षेत्र (हेक्टेयर में) | प्रति हेक्टेयर लागत (लाख में) | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ए | 37.031 | 2382.38 | 4.35 | 685 | 3.48 | न्यूनतम वन क्षेत्र एंव लागत प्रति हेक्टेयर रू. 3.48 लाख से कम होने से एलाईमेन्ट उपयुक्त है। |
| 2 | बी | 38.545 | 2543.36 | 4.23 | 660 | 3.85 | वन क्षेत्र न्यूनतम नही होने एंव लागत प्रति हेक्टेयर रूपये 3.48 लाख से अधिक होने के कारण इसे उपयुक्त नही माना गया है। |
| 3 | सी | 40.364 | 2589.20 | 4.12 | 650 | 3.98 | वन क्षेत्र न्यूनतम नही होने एंव लागत प्रति हेक्टेयर रूपये 3.98 लाख से अधिक होने के कारण इसे उपयुक्त नही माना गया है। |

टीप:- उपरोक्त तीन एलाईमेन्ट क्रमॉक ए, बी, सी, में ए एलाईमेन्ट न्यूनतम वन क्षेत्र 37.031 हेक्टेयर होने से एंव परियोजना की लागत के अनुपात में लाभ उपयुक्त होने से इसे माना गया है एंव वन प्रकरण तैयार किया गया है।

(शिवेश मिहानी)
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन उपसंभाग
भैरुंदा

(दीपक चौकसे)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग, सीहोर